# ऊर्जा सेक्टर में 84 हजार करोड़ की परियोजनाओं से नौकरियों की बहार

लखनऊ। प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र में करीब 84 हजार करोड़ की परियोजनाएं शुरू होंगी। इससे नौकरियों की बहार आएगी। प्रदेश में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर भी ऊर्जा सेक्टर में सर्वाधिक निवेश हो रहा है।

प्रदेश में बढ़ते औद्योगीकरण के चलते बिजली मांग बढ़ने लगी है। प्रदेश में 10 नये थर्मल पॉवर स्टेशन को शुरू करने की कवायद चल रही है, जिससे 5 हजार मेगावाट से अधिक बिजली का उत्पादन संभव हो सकेगा। अभी सभी थर्मल पॉवर से तकरीबन छह हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है।

**लगातार बढ़ रही हैं परियोजनाएं**

अब तक तकरीबन 53 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, जबकि 16 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाएं तेजी से आकार ले रही हैं। इसके साथ ही 14 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं। मुख्यमंत्री ने सभी परियोजनाएं जल्द से जल्द पूरी करने के निर्देश दिए हैं। इन परियोजनाओं के पूरा होने से रोजगार के साधन बढ़ेंगे।